an>

Title: Regarding issue of incidence of cow slaughter.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : अध्यक्षा जी, जिस भारत में गाय-मां की पूजा होती है, मैं उसी की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख में 14 गाय और एक बछड़ा काट दिया गया था। वहां हम लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया। हमारे साथ सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा जी भी थे और हम सुबह साढ़े छह बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक गौ-माता का अंतिम संस्कार करके आये, तो हमने मांग की कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। हमारे सामने तो उन्होंने कह दिया कि हम सजा देंगे, लेकिन अब उल्टा हम 250 लोगों पर, जो धरने पर बैठे थे, एफ.आई.आर. हो गयी है। इसमें चार लोगों के नाम और 250 लोगों को अज्ञात बताया गया है। मैं केन्द्र सरकार से यही अपील करना चाहती हूं कि इस प्रकरण की सही तरीके से जांच हो और अपराधियों को सजा मिले। साथ ही सरकार ऐसा कानून बनाए कि जो गौ-माता की हत्या करता है उसे फांसी की सजा हो। धन्यवाद।